Roll No. .......................

# MAHD–03

(हिन्दी साहित्य का इतिहास)

M. A. Hindi (MAHD-10)

First Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 60**

नोट : यह प्रश्न पत्र साठ (60) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों का चयन करना है।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह (15) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. आदिकाल के नामकरण तथा काल-निर्धारण की समस्या को स्पष्ट करते हुए उसका समुचित समाधान प्रस्तुत कीजिए।
2. निर्गुण भक्तिकाव्य की ज्ञानमार्गी संत काव्यधारा की विशेषताएँ प्रकाशित करके उसमें कबीर का स्थान निर्धारित कीजिए।
3. हिन्दी नाटक साहित्य के उद्‌भव एवं विकास पर विस्तृत निबन्ध लिखिए।
4. 'प्रयोगवाद और नई कविता' पर विस्तार से प्रकाश डालिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. रासो काव्य की विशेषताओं पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
2. हिन्दी की प्रेमाख्यानक काव्य-धारा पर प्रकाश डालिए।
3. रीतिमुक्त काव्य की विशेषताएँ बताइये।
4. बिहारी की लोकप्रियता के कारण बताइये।
5. 'छायावाद' के दो कवियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
6. हिन्दी निबन्ध साहित्य के उद्‌भव काल के प्रमुख निबन्धकारों का परिचय दीजिए।
7. 'नई कहानी' आन्दोलन क्या है ? संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
8. प्रगतिवादी कविता की किन्हीं 03 (तीन) विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

अतिसंक्षिप्त उत्तर दीजिए :

1. 'पृथ्वीराज रासो' के रचयिता का नाम बताइए।
2. 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन किस वर्ष से आरंभ होता है ?

3. ‘संदेश रासक’ के रचनाकार का नाम बताइये।
4. ‘कबीरदास’ के गुरु कौन थे ?
5. ‘दूसरा सप्तक’ का प्रकाशन कब हुआ ?
6. ‘कठिन काव्य का प्रेत’ किसे कहा जाता है ?
7. ‘अब लौं नसानी अब न नसैहौं’ किसकी पंक्ति है ?
8. ‘पथ के साथी’ किसकी रचना है ?
9. ‘कामायनी’ के रचनाकार का नाम बताइये।
10. ‘अंधेर नगरी’ किसकी रचना है ?